**Girls' High School and College, Prayagraj**
**Work Sheet No. 4**
**Session (2020-21)**
**Class -5 (A-F)**
**Subject –Hindi Language**
**Topic-पाठ-4 संज्ञा ,पाठ-8 सर्वनाम**

**निर्देश-** कृपया अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि सर्वप्रथम बच्चे संज्ञा व सर्वनाम पाठ के विषय में दिए गए विवरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा सारे प्रश्नों के उत्तर लिख कर उसे याद करें।

**विवरण-** प्रत्येक प्रकार के नाम को संज्ञा कहते हैं। इस संसार में कोई भी वस्तु ऐसी नहीं है जिसका कोई नाम न हो। अतः वे शब्द जो किसी विशेष वस्तु,व्यक्ति,स्थान, या भाव के नाम का बोध कराते हैं,उन्हें संज्ञा कहते हैं। इसे समझने के लिए निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए –

1.विशाल खेल रहा है।

2.नींबू में खटास है।

3.कुत्ता भौंकता है।

4.आधुनिक युग का उपकरण कंप्यूटर है।

5.दरवाजे पर ताला लगा है।

ऊपर दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द संज्ञा हैं,क्योंकि ये किसी न किसी नाम को स्पष्ट कर रहे हैं।

संज्ञा की परिभाषा- वे शब्द जो किसी व्यक्ति,वस्तु, स्थान,या भाव आदि का बोध कराते हैं,संज्ञा कहलाते हैं।

## संज्ञा के भेद

संज्ञा के पाँच भेद होते हैं-

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा
4. द्रव्यवाचक संज्ञा
5. समुदायवाचक संज्ञा

1.**<u>व्यक्तिवाचक संज्ञा –</u>** जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति,विशेष स्थान या विशेष वस्तु का ज्ञान करवाते हैं,उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे.-सचिन तेंदुलकर,लालकिला,कश्मीर आदि।

2.**<u>जातिवाचक संज्ञा-</u>** जो शब्द किसी स्थान,व्यक्ति या किसी वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे बच्चा,नदी,स्कूटर आदि।

3.**<u>भाववाचक संज्ञा-</u>** जो शब्द गुण,दोष, भाव और दशा का बोध कराते हैं,उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- बचपन,शैतानी,सुंदरता, आदि।

भाववाचक संज्ञाएँ चार प्रकार के शब्दों जातिवाचक संज्ञा, विशेषण, क्रिया तथा सर्वनाम से बनाई जाती हैं। जैसेः-

| **<u>शब्द</u>** | **<u>भाववाचक संज्ञा</u>** |
|---|---|
| मानव | मानवता |
| बालक | बचपन |
| मधुर | मधुरता |
| अपना | अपनापन |
| निकट | निकट ता |
| सज्जन | सज्जनता |
| दास | दासता |
| मूर्ख | मूर्खता |
| सुंदर | सुंदरता |
| राष्ट्र | राष्ट्रीयता |

4.**<u>द्रव्यवाचक संज्ञा-</u>** जिन संज्ञा शब्दों से किसी धातु अथवा पदार्थ आदि का बोध हो ,उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-दूध, चाँदी,तेल आदि।

5.**<u>समुदायवाचक संज्ञा-</u>** जिन संज्ञा शब्दों से किसी समूह या समुदाय का बोध होता है,उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-कक्षा,सेना,झुंड आदि।

## अभ्यास-कार्य

प्रश्न.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए-

1)प्रत्येक प्रकार के नाम को ...........कहते हैं।

2)............संज्ञा किसी समूह या समुदाय का बोध कराती है।

3)संज्ञा के ..........भेद होते हैं ।

4)बच्चा ............संज्ञा है।

5)दूध ........संज्ञा है।

प्रश्न.2. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए-

1)बालक

2)अपना

3)सज्जन

4)मूर्ख

5)सुंदर

प्रश्न .3. एक शब्द मे उत्तर लिखिए-

1)जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति,विशेष स्थान,या विशेष वस्तु का ज्ञान कराते हैं उन्हें क्या कहते हैं?

2)जो शब्द किसी स्थान, व्यक्ति,या संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं,उन्हें क्या कहते हैं?

3)जो शब्द गुण,दोष,भाव और दशा का बोध कराते हैं,उन्हें क्या कहते हैं?

# सर्वनाम

ऐसे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं। उदाहरण के लिए नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए—



1. किशोर, दीनदयाल शर्मा का इकलौता पुत्र है।
2. वह पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।
3. उसे अपने माता-पिता से बहुत प्यार है।
4. उसकी आयु 11 वर्ष है।

उपर्युक्त वाक्यों में किशोर, दीनदयाल, माता-पिता और पुत्र संज्ञा शब्द हैं और वह, उसे, उसकी शब्द सर्वनाम शब्द हैं क्योंकि ये शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए गए हैं।

## सर्वनाम के भेद (Kinds of Pronoun)

सर्वनाम के छह भेद होते हैं—

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

1. **पुरुषवाचक सर्वनाम (Personal Pronoun)**– जिन शब्दों का प्रयोग सुनने वाले, बोलने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए किया जाता है, उन्हें 'पुरुषवाचक सर्वनाम' कहा जाता है। जैसे— मैं, तुमने, वह आदि।

मैं गाता हूँ।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं—

(क) उत्तम पुरुष (First Person)— जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बोलने वाला या लिखने वाला अपने लिए करता है, उन्हें 'उत्तम पुरुष' कहते हैं। जैसे—मैं, हम आदि।

(ख) मध्यम पुरुष (Second Person)— जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग सुनने वाले या पढ़ने वाले के लिए किया जाता है, उन्हें 'मध्यम पुरुष' कहा जाता है। जैसे—तू, तुम आदि।

(ग) अन्य पुरुष (Other Person)— जो शब्द अन्य व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त होते हैं, उन्हें 'अन्य पुरुष' कहते हैं। जैसे—वह, वे आदि।

2. **निश्चयवाचक सर्वनाम (Definite Pronoun)–** वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग निश्चित व्यक्ति या वस्तु के लिए किया जाता है, उन्हें 'निश्चयवाचक सर्वनाम' कहा जाता है। जैसे—यह, वह, वे आदि।

यह मेरा घर है।

3. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम (Indefinite Pronoun)–** सर्वनाम के जिस रूप से हमें किसी निश्चित वस्तु या बात का बोध न हो, उसे 'अनिश्चयवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे—

मुझे यह चाहिए।

4. **संबंधवाचक सर्वनाम (Relative Pronoun)–** जो सर्वनाम शब्द दो शब्दों या वाक्यों को जोड़कर उनमें संबंध को बताते हैं, उन्हें 'संबंधवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे—

जैसा काम वैसा दाम।

5. **प्रश्नवाचक सर्वनाम (Interrogative Pronoun)–** जिस सर्वनाम शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के विषय में प्रश्न पूछा जाता है, उसे 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे—

तुम्हारा क्या नाम है?

6. **निजवाचक सर्वनाम (Reflexive Pronoun)–** जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग अपने-आप के लिए किया जाता है, उन्हें 'निजवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे—अपने-आप, अपना, स्वयं आदि।

मैं अपने-आप चला जाऊँगा।

## अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को छाँटकर लिखिए -

   1.मैं गाता हूँ । ______

   2.यह मेरा घर है। _______

   3 .जैसा काम वैसा दाम। ______

   4 .तुम्हारा क्या नाम है । ______

   5 .मैं अपने -आप चला जाऊँगा। ______

2. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें -

   1.जैसी-

   2 .मैं -

   3 .क्या -

   4 .कोई-

   5 .कुछ

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से खाली जगह भरें-

(उनके, इससे, मैं, उसको)

1 ______ काम कर सकता हूँ।

2 जिसने शीशा तोड़ा है ____ बुलाओ।

3 ______ पिताजी आए हैं।

4 ______ बल्लेबाज़ी कराओ।

*****END*****